समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अनंत अंबानी का फिर दिखा भक्ति रूप, पत्नी राधिका मर्चेंट के साथ अब इस पवित्र नदी की पूजा करने पहुंचे।

Publisher Published on 05 May 2025

**अनंत अंबानी की यात्रा को ध्यान मे रखते हुए आसपास के क्षेत्रों मे सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे. स्थानीय पुलिस के साथ विशेष सुरक्षा बल भी जगह-जगह तैनात रहे.**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी रविवार को अपनी पत्नी राधिका मर्चेंट के साथ आज रविवार को हरिद्वार पहुंचे. इस दौरान उन्होंने हर की पैड़ी पर विधिपूर्वक गंगा पूजा किया और मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया. उनका यह धार्मिक दौरा केवल एक पारंपरिक पूजा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें गंगा के प्रति उनकी गहरी आस्था और श्रद्धा भी झलकती दिखाई दी.

गंगा आरती में लिया हिस्सा
पूजा के दौरान अनंत और राधिका ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती में भाग लिया और दीप प्रवाहित कर मां गंगा से आशीर्वाद लिया. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच अंबानी दंपती की उपस्थिति ने मौके को और भी खास बना दिया.

सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम
अनंत अंबानी की यात्रा को ध्यान में रखते हुए हर की पैड़ी और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे. स्थानीय पुलिस के साथ-साथ विशेष सुरक्षा बलों ने भी जगह-जगह तैनाती की और पूरे क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित की. इससे श्रद्धालुओं को भी व्यवस्थित तरीके से दर्शन और पूजा करने का अवसर मिला.

170 किलोमीटर की थी पदयात्रा
आपको याद होगा इससे पहले अनंत अंबानी ने अपने जन्मदिन से पहले द्वारकाधीश जाने के लिए 170 किलोमीटर की पदयात्रा भी की थी. इस पदयात्रा के दौरान वह हर रोज 7 से 10 किलोमीटर पैदल चलते थे. खास बात यह थी कि अनंत अंबानी यह यात्रा रात के समय करते थे, ताकि आम लोगों को असुविधा ना हो और उनकी वजह से ट्रैफिक प्रभावित ना हो. इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने सैकड़ों मुर्गियों की जान भी बचाई थी, जो कसाई के यहां कटने के लिए जा रही थीं. अनंत अंबानी का यह वीडियो खूब वायरल हुआ था. यात्रा पूरी होने पर अनंत के साथ उनकी मां नीता अंबानी और पत्नी राधिका मर्चेंट भी द्वारकाधीश उनके साथ दर्शन करने पहुंची थीं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.